an>

Title: Need to take steps to initiate government schemes in naxal affected areas of Aurangabad and Gaya.

श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद) : माननीय अध्यक्ष जी, नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों विकास के लिए और कानूनी व्यवस्था की स्थिति नियंत्रित हो, मैं इस विÂषय में कहना चाहता हूं कि देश में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक योजना चलाई गई थी, जिसका नाम आईएपी यानी इंटीग्रेटिड एक्सेल प्लान था। ...(व्यवधान) बाद में इस योजना का नाम बदलकर एसीए यानी एडीशनल सेंट्रल असिस्टेंस कर दिया गया। इस योजना के तहत विकास कार्य होते थे और नक्सल समस्या को कम और नियंत्रित करने में सहायता मिलती थी। वर्तमान में इस योजना को बंद कर दिया गया है। ...(व्यवधान)

केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को योजना चलाने के लिए कहा है लेकिन राज्य सरकारों ने ऐसी कोई योजना नहीं चलाई है। मेरे संसदीय क्षेत्र के औरंगाबाद और गया जिला नक्सलवाद से प्रभावित हैं। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री रवीन्द्र कुमार जेना,

श्री निशिकान्त दुबे और

भैरों प्रसाद मिश्र को श्री सुशील कुमार सिंह द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।